# दिनांक 30.01.2014 को आयोजित IFAD-ILSP परियोजना प्रबन्धन कमेटी (PMC) की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन (PMC) की तृतीय बैठक अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 30.01.2014 को प्रातः 11:00 बजे उनके कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

**उपस्थित सदस्यः–**

1. श्री बी॰पी॰ पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन/अध्यक्ष, उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति।
2. श्री विनोद फोनिया, सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3. श्री उमाकान्त पंवार, सचिव, पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन।
4. श्रीमती दमयन्ति दोहरे, अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
5. श्री अर्जुन सिंह, अपर सचिव वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
6. श्री एच॰सी॰सेमवाल, अपर सचिव, ग्राम्य पंचायतीराज निदेशक पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
7. श्री रमेश चन्द्र शर्मा, अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
8. श्री विजय कुमार, परियोजना समन्वयक, समेकित आजीविका सहयोग परियोजना।
9. श्रीमती नीना ग्रेवाल, परियोजना निदेशक, ILSP-PSWMD, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
10. श्री पवन कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।

**अन्य प्रतिभागी :**

1. श्री पी॰के॰ सिंह, उप निदेशक, जलागम प्रबन्धन निदेशालय, देहरादून।

**परियोजना स्टॉफ**

1. श्री ललित कुमार, वित्त प्रबन्धक।
2. श्री राजीव सिंघल, प्रबन्धक, ज्ञान प्रबन्धन।
3. श्री रईस अहमद, प्रबन्धक–जेण्डर एवं संस्थाएं।
4. श्री कमलेश गुरूरानी, प्रबन्धक–मार्किट एक्सेस।
5. श्री अजय पुरोहित, सलाहकार–एम॰आई॰एस॰

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी ने परियोजना प्रबन्धन कमेटी की तृतीय बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय से बैठक प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त परियोजना के क्रियाकलापों व कार्य प्रगति के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया गया। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है :–

**PMC: 3.01** परियोजना की परियोजना प्रबन्धन कमेटी की दिनांक 30.01.2013 को आयोजित द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :–

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा परियोजना प्रबन्धन कमेटी की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अनुरोध किया गया कि यदि समिति के सदस्य उक्त कार्यवृत्त के विषय में कोई सुझाव देना चाहें तो वह समिति के समक्ष अपना सुझाव रख सकते हैं। परियोजना प्रबन्धन कमेटी की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर सहमति प्रदान कर निम्न प्रस्ताव पारित किया गया।

"संकल्पित कि समिति दिनांक 30 जनवरी 2013 को आयोजित परियोजना प्रबन्धनक कमेटी की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करतें है और यह कि इस कार्यवृत्त को अभिलिखित किया जाए।"

**PMC: 3.02** दिनांक 30.01.2013 को आयोजित परियोजना प्रबन्धन कमेटी की द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा **परियोजना प्रबन्धन कमेटी की द्वितीय बैठक** में लिये निर्णयों के अनुपालन स्थिति पर बिन्दुवार आख्या प्रस्तुत की गई तथा समिति उनसे अवगत हुई।

**PMC: 3.03** समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की वित्तीय वर्ष 2013–14 की प्रगति आख्या

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा वित्तीय वर्ष 2013–14 के अनुमोदित AWPB कुल रु.90.0576 करोड़ के सापेक्ष संशोधित AWPB कुल Rs.24.49 करोड़ का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किया गया। संशोधित AWPB के सापेक्ष माह दिसम्बर 2013 तक कुल रू.4.81 करोड़ का वास्तविक व्यय किया गया है। उक्त के क्रम में लेखा कार्य हेतु Double Accounting System Tally को Customize कर लिया गया है एवं Web based MIS को भी विकसित किया जा चुका है MIS को UGVS के **website : www.ugvs.org** पर देखा जा सकता है। परियोजना प्रबन्ध कमेटी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त MIS को ILSP के तीनों क्रियान्व्यन अभिकरणों (UGVS, PS-WMD एवं UPASaC) द्वारा उपयोग में लाया जाये, ताकि उक्त से सृजित वांछित रिर्पोट राज्य सरकार, भारत सरकार एवं आईफैड को उपलब्ध कराया जा सके। (कार्यवाही : **CPM, UGVS/PD, PS-WMD/CEO, UPASaC)**

**PMC: 3.04** समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2013–14 की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन।

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए मूल वार्षिक कार्ययोजना तथा बजट कुल **रु0 90.0576 करोड़** ***(रू. नब्बे करोड पांच लाख छियत्तर हजार मात्र)*** निर्धारित किया गया था, जिसे संशोधित किया जाना प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट कुल **रू.24.49 करोड़** प्रस्तावित किया गया है। दिनॉक 01.02.2012 को सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule1Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना प्रबन्ध कमेटी के द्वारा परियोजना के वार्षिक

कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है। अनुमोदन के उपरान्त उक्त बजट को परियोजना स्टीयरिंग कमेटी के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में निम्न प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है :–

**INDIA: UTTARAKHAND INTEGRATED LIVELIHOODS SUPPORT PROJECT (ILSP)**
**Revised Estimates (RE) AWPB: 2013-14**
**SUMMARY**

| Acct | COMPONENT | Approved Budget 2013-14 | Revised Budget 2013-14 | | Financing Plan (000 INR) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Amt (,000) | No. of Programme | Amt (,000) | GoUK | | IFAD (Reimbursement) | Banks | Bene |
| | | | | | RD Deptt | Agriculture Deptt | | | |
| 10000 | Food Security & Livelihood Enhancement | 241,852 | 8,644 | 166,267 | 29,514 | 0 | 132,931 | 0 | 3,822 |
| 20000 | Participatory Watershed Development | 589,150 | 551 | 55,400 | 6,775 | 21,086 | 27,154 | 0 | 385 |
| 30000 | Livelihoods Finance | 45,478 | 392 | 11,881 | 2,693 | 0 | 2,654 | 6,350 | 185 |
| 40000 | Project Management | | | | | | | | |
| 41000 | Central Project Coordination Unit -CPCU | 3,707 | 18 | 776 | 388 | | 388 | 0 | 0 |
| 42000 | M&E and Knowledge Management -UGVS | 14,499 | 222 | 8,439 | 1,712 | | 6,727 | 0 | 0 |
| 43000 | M&E and Knowledge Management -WMD | 5,890 | 80 | 2,145 | 749 | | 1,397 | 0 | 0 |
| | *Subtotal Project Management* | 24,096 | 320 | 11,360 | 2,848 | 0 | 8,512 | 0 | 0 |
| | G.Total | 900,576 | 9,907 | 244,908 | 41,829 | 21,086 | 171,251 | 6,350 | 4,392 |

इस संबंध में निम्न प्रस्ताव पारित किया जाता है –

*"संकल्पित है कि वित्तीय वर्ष 2013–14 की समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना का संज्ञान लिया गया तथा रु0 24.49 करोड़ (रूपये चौबीस करोड़ उन्चास लाख मात्र) की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना व बजट को अनुमोदन प्रदान किया जाता है।"*

(कार्यवाही : परियोजना समन्वयक, ILSP)

**PMC: 3.05** समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2014–15 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन।

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा अवगत कराया गया कि समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए वार्षिक कार्ययोजना के दृष्टिगत **रु०130.90 करोड़** का बजट प्रस्तावित किया गया है। भारत सरकार एवं अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) के मध्य दिनॉक 01.02.2012 को सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule-1 Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना प्रबन्ध कमेटी के द्वारा परियोजना के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है, जिसके अनुमोदन के उपरान्त उक्त बजट को परियोजना स्टीयरिंग कमेटी के

समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में निम्न प्रस्ताव माननीय सदस्यों के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत हैः–

## INDIA: UTTARAKHAND INTEGRATED LIVELIHOODS SUPPORT PROJECT (ILSP)
### Budget Estimates (BE): 2014-15
### SUMMARY

| Acct | COMPONENT | Total Amt. ('000) | | Financing Plan Amt. ('000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | AWPB 2014-15 | | GoUK | IFAD (Reimbursement) | Banks | Bene |
| | | Units | Amt (,000) | | | | |
| 10000 | Food Security & Livelihood Enhancement | *30,237* | *799,843* | *87,014* | *673,917* | *0* | *38,910* |
| 20000 | Participatory Watershed Development | *2,892* | *302,940* | *85,752* | *194,408* | *0* | *22,780* |
| 30000 | Livelihoods Finance | *3,134* | *173,768* | *8,204* | *44,423* | *112,750* | *8,391* |
| 40000 | Project Management | | | | | | |
| 41000 | Central Project Coordination Unit-(CPCU) | 74 | 6,102 | 1,776 | 4,326 | 0 | 0 |
| 42000 | M&E and Knowledge Management-UGVS | 499 | 16,604 | 3,897 | 12,707 | 0 | 0 |
| 43000 | M&E and Knowledge Management-WMD | 196 | 9,730 | 2,029 | 7,701 | 0 | 0 |
| | *Subtotal Project Management* | *769* | *32,436* | *7,702* | *24,734* | *0* | *0* |
| | *Total* | *37,032* | *1,308,987* | *1,88,671* | *937,482* | *112,750* | *70,081* |

सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन द्वारा सुझाव दिया गया कि समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार धन का उपयोग बाजार पहुंच, अवस्थापना विकास व आजीविका वित्तपोषण की गतिविधियों में किया जाय। जिसमें वर्ष 2013–14 (संशोधित AWP&B): Rs.23.41 करोड़ तथा 2014–15 (प्रस्तावित AWP&B) : Rs.112.61 करोड़ की बजट के माध्यम व्यय होने वाली धनराशि सम्मिलित है। इस संबंध में निम्न प्रस्ताव पारित किया गया :–

*"संकल्पित है कि वित्तीय वर्ष 2014–15 की समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना का संज्ञान लिया गया तथा रु0 130.90 करोड़ (रू. एक सौ तीस करोड़ नब्बे लाख मात्र) का वार्षिक कार्ययोजना व बजट को अनुमोदन प्रदान किया जाता है।"*

(कार्यवाही : परियोजना समन्वयक, ILSP)

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन स्तर पर केवल नीतिगत निर्णय ही लिये जाय, शेष कार्यो को परियोजना समन्वयक के स्तर से निस्तारित किया जाय। शासन स्तर के समस्त लंबित कार्यो को दिनांक 07.02.2014 से पूर्व पूर्ण करा लिया जाय। Value Chain Approach पर किये जाने तथा सर्वप्रथम आन्तरिक क्षेत्रों (Internal areas) को संतृप्त किया जाये इस हेतु value chain आधारित गतिविधियों को कलस्टर के आधार पर चिन्हित किया जाय। लाभार्थियों को प्रशिक्षण किट दिया जाय तथा क्षमता विकास प्रशिक्षण गतिविधियों को सीमित रखा जाय।

कृषकों के Risk कम करने के लिए गतिविधियों को चिन्हित किया जाय तथा स्टोर हाउस, विक्रय केन्द्र का उपयोग करने हेतु उचित व्यवस्था बनाई जाय।

**PMC: 3.06 समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन कमेटी में अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन को अध्यक्ष तथा सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन को उपाध्यक्ष नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता मे आयोजित परियोजना की स्टीयरिंग कमेटी की दिनांक 03.10.2012 को आयोजित प्रथम बैठक मे की गयी संस्तुति पर शासन द्वारा ग्राम्य विकास अनुभाग के शासनादेश सं0 XI/2261/12/56(21) 2011 दिनांक 23 नवम्बर 2012 के द्वारा सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता मे परियोजना प्रबन्धन कमेटी का गठन किया गया।

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा माननीय सदस्यो को अवगत कराया गया कि दिनांक 06 अगस्त 2013 को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता मे आइफैड मिशन के साथ परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक के Agreed Action की बिन्दु सं0 24 मे निर्णय लिया गया है कि प्रमुख सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन को परियोजना प्रबन्धन कमेटी का अध्यक्ष नामित किया जाए एवं सचिव, ग्राम्य विकास उत्तराखण्ड शासन जो कि वर्तमान मे कमेटी के अध्यक्ष है, को परियोजना प्रबन्धन कमेटी का उपाध्यक्ष नामित किया जाए। माननीय सदस्यो को उक्त निर्णय से अवगत कराते हुये परियोजना द्वारा उक्त को अनुमोदन हेतु स्टीयरिंग कमेटी की बैठक मे प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा।

**PMC: 3.07 सहभागी जलागम विकास मद में से 28 मिलियन डालर की धनराशि को आजीविका संवर्द्धन, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण, एवं बाजार सुदृढ़ीकरण मदों में Re-allocate करने के संबंध में।**

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार एवं आईफैड को सहभागी जलागम विकास मद मे से 28 मिलियन डॉलर की धनराशि को जनपद रूद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ व देहरादून के चिन्हित विकासखण्डों मे आजीविका संवर्द्धन, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण, एव बाजार सुदृढ़ीकरण मदों मे Re-allocate करने के लिये प्रस्ताव दिया गया। उक्त प्रस्ताव को राज्य सरकार में मुख्य सचिव के स्तर से अनुमोदन प्रदान किया गया है जिसे आईफैड को अंतिम सहमति हेतु प्रेषित कर दिया गया है। आईफैड द्वारा सैद्धान्तिक सहमति पूर्व में माह सितम्बर 2013 में दी चा चुकी है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इसे परियोजना की आगामी संचालन समिति की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाय।

**PMC: 3.08** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू.एस.आर.एल.एम. को परियोजना प्रबन्धन कमेटी मे सदस्य के रूप मे नामित करने के संबंध में।

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा अवगत कराया गया कि सचिव ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, यू.एस.आर.एल.एम. द्वारा पत्रांक 47/16/एन.आर.एल.एम./2013 दिनांक 11 नवम्बर 2013 के माध्यम से मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू.एस. आर.एल.एम. को परियोजना प्रबन्धन कमेटी में सदस्य के रूप में नामित करने एवं उक्त को परियोजना संचालन समिति की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इस संबंध में निम्न प्रस्ताव परित किया जाना प्रस्तावित है :–

*"संकल्पित कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू.एस.आर.एल.एम. को समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन कमेटी में सदस्य के रूप मे नामित किया जाता है।*

*यह भी संकल्पित कि सचिव, ग्राम्य विकास से उक्त के सम्बन्ध मे आवश्यक शासनादेश जारी करने हेतु अनुरोध किया जाय।"*

(कार्यवाही : सचिव, ग्राम्य विकास ,उत्तराखण्ड शासन)

**PMC: 3.09** शासन स्तर पर परियोजना क्रियान्वयन से संबंधित विचाराधीन प्रस्ताव।

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के अन्तर्गत शासन स्तर पर महत्त्वपूर्ण विचाराधीन नीतिगत निर्णय/प्रस्ताव माननीय सदस्यों के सम्मुख रखे गए।

अध्यक्ष महोदय द्वारा ILSP के क्रियान्वयन से संबंधित विचाराधीन प्रस्ताव में लग रहे समय को गम्भीतापूर्वक लिया गया एवं निर्देर्शित किया कि समस्त लंबित कार्यो को शासन स्तर पर प्रशासनिक विभाग द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण करा लिया जाय।

(कार्यवाही : सचिव, ग्राम्य विकास ,उत्तराखण्ड शासन)

**PMC: 3.10** Department of Economic Affairs, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार/IFAD द्वारा समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की समीक्षा बैठक के दौरान Agreed Actions पर Review के संबंध में

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा भारतवर्ष में अन्तर्राष्ट्रीय कृर्षि विकास निधि (आइफैड) द्वारा सहायतित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक 25 नवम्बर 2013 को आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में DEA द्वारा समेकित आजीविका सहयोग परियोजना की धीमी प्रगति पर चिन्ता व्यक्त की गई एवं इस क्रम में DEA & आइफैड द्वारा ILSP की समीक्षा उपरान्त Minutes of Meeting/E-mail में उठाये गये बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। उक्त पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन स्तर से लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**PMC: 3.11** समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के नाम (हिन्दी में) में संशोधन हेतु प्रस्ताव।

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यगणों के सम्मुख Integrated Livelihood Support Project (समेकित आजीविका सहयोग परियोजना) का हिन्दी में नाम संशोधित करने हेतु प्रस्ताव रखा गया।

उपस्थित सदस्यों प्रस्तावित विकल्पों में से परियोजना के संशोधित नाम हेतु **''एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना''** का चयन किया गया।

सदस्यों द्वारा अन्य कोई बिन्दु नहीं रखा गया एवं सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सदस्यगणों का बैठक में प्रतिभाग करने पर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

(बी॰पी॰ पाण्डेय)
अपर मुख्य सचिव एवं ~~आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास~~,
उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन कमेटी, ILSP

(विजय कुमार)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी
एवं परियोजना समन्वयक, CPCU-ILSP

**समेकित आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)**
**उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति (UGVS)**
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
216, पंडितवाड़ी, फेज–II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 61 / PMC /2013–14

दिनांक 26/02/2014

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन
2. सचिव, जलागम देहरादून।
3. अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
4. अपर सचिव/निदेशक पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
5. अपर सचिव कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
6. अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
7. अपर सचिव, पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन।
8. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
9. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू॰एस॰एन॰आर॰एल॰एम॰, देहरादून।
11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।

26/02/2014
(विजय कुमार)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन कमेटी
एवं परियोजना समन्वयक, CPCU-ILSP